दिन—मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 28 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः— 05 मिनट

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि विपक्ष वोट बैंक की राजनीति के लिए भारत के संविधान की मूल भावना का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को यह बताना चाहते हैं कि विपक्ष उन्हें धोखा दे रहा है। श्री मोदी ने कहा कि वह इस समुदाय के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ेंगे।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान चरम पर पहुंच गया है। इस चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों— नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने—अपने उम्मीदवारों के समर्थन में लोगों को गोलबंद करने के लिए चुनावी सभा, रैली और रोड—शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज पाटलिपुत्र के दिघा और पटना साहिब के फतुहा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक के बाद एक तीन रैलियां कर रहे हैं। वे आरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के बरहड़ा में भी एक रैली करेंगे। जदयू के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा संसदीय क्षेत्र के अस्थावां में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री कुमार इसी संसदीय क्षेत्र में सरमेरा से नगरनौसा तक एक रोड शो कर रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज बक्सर, सासाराम, जहानाबाद और पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्रों में कई जनसभाएं कर रहे हैं। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश साहनी भी इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में रैलियों को सम्बोधित कर रहे हैं।

———————————————————————————

चुनाव प्रचार में कई फिल्मी कलाकार भी अपना जलवा बिखेर रहे हैं। भोजपुरी कलाकार और गायक खेसारी लाल यादव ने आज काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों के मनोरंजन के लिए अपने कई लोकप्रिय गीत भी सुनाये।

———————————————————————————

एक जून को सातवें चरण के मतदान के साथ ही आम चुनाव के सभी चरण पूरे हो जायेंगे। इधर, जिन क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो गया है, वहां चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारी शुरू कर दी गयी है। समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र और उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के लिए समस्तीपुर कॉलेज परिसर में मतगणना केन्द्र बनाया गया है। सारण संसदीय क्षेत्र की मतगणना छपरा के बाजार समिति केन्द्र पर, मधुबनी और झंझारपुर संसदीय क्षेत्र लिए मतणना आर.के. कॉलेज में होगी। इन सभी केन्द्रों पर मतगणना कर्मियों को मतगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

———————————————————————————

पटना लॉ कॉलेज के छात्र हर्ष राज की निर्मम हत्या के विरोध में आज छात्रों ने पटना के कारगिल चौक पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण अशोक राजपथ पर यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इधर, पटना विश्वविद्यालय कैम्पस में तनाव के मद्देनजर विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गयी हैं। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में अगले आदेश तक छुट्टी घोषित कर दी गयी है। इधर, पटना पुलिस ने पूरे मामले का उद्भेदन करने का दावा किया है। सिटी एसपी पूर्वी भरत सोनी ने बताया कि हत्याकांड का मुख्य सरगना कुख्यात अपराधी चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र से मानव तस्करी के आरोपी युवक प्रह्लाद सिंह को गिरफ्तार किया है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने युवक की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुये बताया कि वह फर्जी कागजात के आधार पर लोगों को विदेश भेजने का काम करता था।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोजपुर, बक्सर, सारण, सीवान, रोहतास और वैशाली समेत राज्य के विभिन्न जिलों में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में दो जून तक गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। इस दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, बक्सर, औरंगाबाद, गया और भभुआ समेत विभिन्न

स्थानों पर लू चलने की सम्भावना है। कई स्थानों पर रात का तापमान अधिक रहने के कारण गर्म रात्रि की स्थिति बन सकती है। इधर, राज्य के उत्तर—मध्य और उत्तर—पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की सम्भावना भी व्यक्त की गयी है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।